मदद करो हे श्याम हमारी

धाम तुम्हारा खाटू जी में,
श्याम के तुम अवतारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो,
जग के पालनहारी हो।
धाम तुम्हारा खाटू जी में,
श्याम के तुम अवतारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो,
जग के पालनहारी हो।

हार चुकी है आज जिंदगी,
मौत ने पाँव पसारा,
हाहाकार मचा है जग में,
कोई नहीं सहारा है,
मदद करो हे श्याम प्रभु जी,
तुम ही आस हमारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो,
जग के पालनहारी हो,
मदद करो हे श्याम हमारी
धाम तुम्हारा खाटू जी में,
श्याम के तुम अवतारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो।

मौत के रण में विजय हो रही,
दुनियाँ है कुरुक्षेत्र बनी,
मौत जिंदगी लड़ रही रण में,
दुनियाँ है युद्ध क्षेत्र बनी,
हम हैं निहत्थे मौत के आगे,
तुम ही सुदर्शन धारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो,
जग के पालनहारी हो,
मदद करो हे श्याम हमारी
धाम तुम्हारा खाटू जी में,
श्याम के तुम अवतारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो।

कुछ ना बचेगा इस धरती पर,
तुम ना अगर बचाओगे,
देर हो चुकी पहले बहुत ही,
श्याम प्रभु कब आओगे,
एक बार ही काफी है तुम,
तुम तीन बाण के धारी हो,

कलियुग के भगवान तुम्ही हो,
जग के पालनहारी हो,
मदद करो हे श्याम हमारी
धाम तुम्हारा खाटू जी में,
श्याम के तुम अवतारी हो,
कलियुग के भगवान तुम्ही हो।

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/21663/title/madad-karo-he-shyam-hamari

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |